7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण : उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | हिमाचल | जम्मू-कश्मीर | दिल्ली | हरियाणा | पंजाब | चंडीगढ़

राजधानी
वर्ष 10 | अंक 214 | पृष्ठ : 18+8 = 26
मूल्य : तीन रुपये

अमर उजाला

लखनऊ
बृहस्पतिवार, 1 फरवरी 2018
amarujala.com

स्पोर्ट्स भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला वनडे आज, बारिश की आशंका...15 उत्तर प्रदेश

कार के लिए हल्के एयर जैक के इनोवेशन को पहला पुरस्कार

लखनऊ। भारी लोहे के जैक की जगह हल्के एयर जैक के इनोवेशन को साइंस सिटी में प्रथम पुरस्कार किया गया। तीन दिवसीय फेस्टिवल में यह इनोवेशन एसएमएस कॉलेज के छात्र दीपक पांडेय ने बनाया। इस एग्जोस्ट एयर जैक में कार के साइलेंसर की हवा का उपयोग कर जैक को गाड़ी उठाने और स्टेपनी बदलने को उपयोग किया जा सकता है। साइंस सिटी में इनोवेशन फेस्टिवल के समापन समारोह में एकेटीयू के डीन प्रो. केवी आर्या ने यह पुरस्कार दिया। स्कूल केटेगरी में स्वच्छता मिशन के मॉडल के लिए विद्याज्ञान स्कूल सीतापुर की मंजरी सिंह एवं रजत सिंह को प्रथम पुरस्कार मिला। द्वितीय पुरस्कार सेंट जोसेफ इंटर कालेज राजाजीपुरम की अनम हासमी को 'सुपर हेक्सागन' और उनके ही स्कूल के आर्य श्रीवास्तव को 'एयर स्क्रबर' बनाने के लिए दिया गया। इंजीनियरिंग कालेज केटेगरी में द्वितीय पुरस्कार एसएमएस के ही अमन मिश्रा को पैडल से चलने वाली वॉशिंग मशीन, तृतीय इंटीग्रल के अब्दुर रहमान खान एवं अम्मार को 'इंटरलॉकिंग ब्रिक्स' प्रोजेक्ट के लिए दिया गया।

इन्हें भी मिला इनाम

आर्डिर्यूनो रोबोटिक प्रतियोगिता में सेंट फिडसिल के शगुफ्ता फराही और शाश्वत सक्सेना को प्रथम पुरस्कार, सेन्ट जोसेफ इण्टर कालेज, राजाजीपुरम के अश्नत मुकारिम, इशिता कपूर और वत्सला मिश्रा को द्वितीय पुरस्कार एवं विद्याज्ञान स्कूल सीतापुर के आशुतोष कुमार एवं अनुज मौर्या को तृतीय पुरस्कार दिया गया।